ओल्डर माइनॉरिटी एथ्निक लोगों के लिए हाऊसिंग एवं संबंधित सेवाओं हेतु ऑडिट टूल

HOP DEV
Housing and Older People Development Group

घर में

काले एवं अल्पसंख्यक जाति-संबंधी समूहों के लोग अपने आवास के विषय में अपने विचार किस प्रकार साझा कर सकते हैं

- क्या आप एक काले एवं अल्पसंख्यक जाति-संबंधी समूह के एक वृद्ध व्यक्ति हैं ?
- आपका घर किस प्रकार का है ?
- क्या आपको अपने रहने का स्थान पसंद है ?
- क्या आपके घर या आपके रहने के स्थान के विषय में कोई चीज़ें हैं जो आप बदलना चाहेंगे ?
- क्या आपको अपने वर्तमान घर में रहने हेतु अपनी सहायता के लिए किसी की आवश्यकता है परन्तु यह नहीं जानते कि क्या ?
- क्या आप स्थान बदलना चाहेंगे परन्तु यह नहीं जानते कि कौनसे विकल्प उपलब्ध हैं ?
- क्या आपको अपनी भाषा, सभ्यता या जाति-संबंधी मूल के कारण किन्हीं विशिष्ट परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?

इन प्रश्नों के उत्तर स्थानीय संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने में सहायक हो सकते हैं कि वे आपकी आवश्यकताओं के अनुसार आवासीय एवं सहायता सेवाएं प्रदान करें।

इसे अच्छी तरह करने के लिए, उन्हें वृद्ध लोगों, और स्थानीय क्षेत्रों में वृद्ध लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले समूहों के साथ बातचीत करने की आवश्यकता है। इसका अर्थ आपके साथ बातचीत करना - और ऐसे प्रश्न पूछना है जैसे ऊपर दिए गए हैं।

आपकी और स्थानीय तौर पर सेवाएं प्रदान करने वाली संस्थाओं की सहायता हेतु, हाऊसिंग एण्ड ओल्डर पीपल डिवेलपमेन्ट ग्रुप (HOPDEV) ने सैल्फोर्ड युनिवर्सिटी के साथ - घर में नामक - एक 'ऑडिट टूल' तैयार करने के लिए काम कर रहा है।

घर में के कई विभिन्न भाग हैं। पहला केवल आवास एवं आवासीय सहायता सेवाओं के विषय में आपके विचारों एवं अनुभवों, और यह खोजने के विषय में है कि आप क्या बदलना चाहेंगे। अन्य भाग ऐसे मुद्दों जैसे वर्तमान समय में स्थानीय तौर पर कौनसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं, और जानकारी एवं सेवाओं तक पहुँच प्राप्त करने पर केन्द्रित हैं।

इनमें से कुछ या सभी भाग पूर्ण करने वाली संस्थाएं फिर परिवर्तन हेतु एक क्रियात्मक योजना तैयार करेंगी। यदि आप इनमें से किन्हीं प्रश्नों के उत्तर देने में शामिल रहे हैं, तो आप अगले स्तरों में शामिल होने के लिए भी कह सकते हैं।

यदि आप ऑडिट टूल देखना चाहते हैं, तो आप http://hopdev.housingcare.org वेबसाइट से एक अंग्रेज़ी संस्करण डाउनलोड कर सकते हैं। यदि आप इसे पसंद करते हैं, और आप पहले से ही आवास एवं आवासीय सहायता प्रदान करने वाली या उसके लिए राशि प्रदान करने वाली किसी स्थानीय संस्था के सम्पर्क में हैं, तो आप उन्हें घर में प्रयोग करने के विषय में पूछ सकते हैं।

हम आशा करते हैं कि घर में का प्रयोग करना आपके लिए सहायक होगा, एक काले एवं अल्पसंख्यक जाति-संबंधी समूह के एक वृद्ध व्यक्ति के तौर पर, हमें आवास एवं आवासीय सहायता के विषय में अपनी आवश्यताओं एवं इच्छाओं के विषय में बताएं, और स्वयं को स्थानीय आवास एवं सहायता सेवाएं प्राप्त होने के तरीके में परिवर्तन लाएं।